अवैध नकली शराब सहित एक गिरफ्तार

प्रतिनिधि, रातू : पुलिस ने थाना क्षेत्र के कमड़े सूर्या नगर में रविवार की अल सुबह तीन बजे ईश्वर साहू के घर में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध नकली अंग्रेजी शराब जब्त की है. पुलिस ने धंधे में प्रयुक्त चार वाहन व हेमराज साहू उर्फ डब्लू (26) को गिरफ्तार की है. शराब को बिहार समेत दूसरे राज्यों में भेजने की तैयारी की जा रही थी. पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी हेमराज बरगड़ा, कटकमसांडी, हजारीबाग निवासी रवि साहू का पुत्र है. वह फिलहाल झिरी स्थित रवि स्टील चौक के एक मकान में किराये में रहता है. उक्त जानकारी ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने प्रेस कांफ्रेंस में दी. मामले को लेकर रातू थाना में कांड संख्या 17/25 दर्ज किया गया है. धंधे में संलिप्त अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं. बरामद सामान व शराब की पेटी : छापेमारी में ब्लैक डायमंड विस्की 935, एमसी डोवेल्स विस्की 718, रॉयल विस्की 375 एमएल 155, 8 पीएम विस्की 375 व 180 एमएल 225, स्टर्लिंग विस्की 375 एमएल 140, विल्ड मैन विस्की 750 एमएल 130, रॉयल स्टेज विस्की 375 व 180 एमएल 353 बोतलें, 13 बंडल रैपर, बारकोड, स्टिकर, कार जेएच 02 एपी 0486, टेंपो जेएच 01 बीपी 2983 व जेएच 01 ईयू 5591, स्कूटी जेएच 01 सीजी 2716, खाली 15 बोतलें और आठ बैग में रखे बोतल कैप आदि बरामद किये गये. छापेमारी दल में थे शामिल : छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थानेदार आरएन सिंह, अवर निरीक्षक नवीन शर्मा, छोटू कुमार, संतोष कुमार यादव, अनुरंजन कुमार, अनुप कुमार, सहायक अवर निरीक्षक उज्जवल कुमार सिंह, शशिकांत दुबे व सशस्त्र बल के जवान आदि शामिल थे.

Source:
https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/ranchi/one-arrested-with-illegal-spurious-liquor